**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 31.08.2026 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्यपाल ने रांची में सेवा सदन के स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित, अस्पताल के कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण इलाज की सराहना की।**
2. **प्रदेश भाजपा का 17 सितम्बर से राज्यव्यापी सेवा संकल्प अभियान, रांची में आयोजित कार्यशाला में नेताओं ने कहा–प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की सेवा और सुशासन सभी के लिए प्रेरणास्रोत।**
3. **कई राज्यों में एनफ्लूएंजा के बढ़ते मामलों को देखते हुए झारखंड में अलर्ट, आइसोलेशन वार्ड चिन्हित करने का निर्देश, जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर जारी।**
4. **राज्य के कई जिलों में दो सितम्बर तक भारी बारिश का पूर्वानुमान, तापमान में गिरावट के आसार, लगातार बारिश से खरकई नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पार।**
5. **कोलकाता में संपन्न ओपन कराटे चैंपियंस ट्रॉफी में राज्य के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में किया उम्दा प्रदर्शन, दो स्वर्ण समेत चार पदकों पर जमाया कब्जा।**
6.

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वस्त्र और परिधान क्षेत्र न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह लाखों लोगों को रोजगार और आजीविका भी प्रदान करता है। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों से जुड़े रहते हुए वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के नागरमल मोदी सेवा सदन के 69वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा केवल उपचार नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा और सामाजिक जिम्मेदारी से भी जुड़ी है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 1958 में मातृत्व गृह के रूप में शुरू हुई यह संस्था आज बहुविशेषता अस्पताल के रूप में विकसित हुई है। राज्यपाल ने आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मियों की सराहना की।

*******************

प्रदेश भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर से शुरू होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों में जुट गई है। रांची में इसे लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले भावी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इस दौरान विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने श्री मोदी के 25 वर्षों के सेवा को समर्पित राजनीतिक सफर की चर्चा की और उनके सेवा कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

*******************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने इंटरमीडिएट स्तर की कम्प्यूटर ज्ञान और कम्प्यूटर में हिंदी टंकण अर्हता धारक पद के लिए प्रस्तावित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 को रद्द कर दिया है। कार्मिक,

प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग ने इन दोनों विज्ञापनों के तहत विज्ञापित सभी अधियाचनाएं वापस ले ली है। इस कारण आयोग ने भर्ती संबंधी अपने विज्ञापन को निरस्त करने का निर्णय लिया है।

*******************

भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा के क्रम में आज देवघर पहुंचे छात्र नेता देवेन्द्रनाथ महतो राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि रांची में छात्र आंदोलन खत्म करने के लिए राज्य सरकार द्वारा छात्रों को छला गया। श्री महतो ने छात्रों और युवाओं से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

*******************

देश के कई राज्यों में एच–1 एन–1 और एच–3 एच–2 इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों के मद्देनजर झारखंड स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। हालांकि राज्य में अभी संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने सभी जिलों में निगरानी बढ़ाने और अस्पतालों तथा मेडिकल कॉलेजों में 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने, मास्क पहनने और भीड़ से बचने की सलाह दी है। साथ ही जानकारी के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन नम्बर 104 जारी किया गया है।

*******************

राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है और दावों तथा आपत्तियों को दूर किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज खूंटी जिले के कालामाटी स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित सह उच्च विद्यालय परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान फुदी ग्राम पंचायत की मुखिया अनिमा कच्छप ने बताया कि शिविर के दौरान अनमैप्ड मतदाताओं की विसंगतियों को दूर किया गया।

*******************

गिरिडीह स्थित मरांग बुरू पारसनाथ पहाड़ पर जैन समुदाय के दावे को लेकर आदिवासी समुदाय का विरोध तेज हो गया है। मारांग बुरू बचाओ संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने आज प्रेसवार्ता में कहा कि न्यायालय ने संथाल आदिवासियों के प्रथागत और पुरखौती अधिकार को मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सरकार की ओर से किसी एक समुदाय के पक्ष में विशेष व्यवस्था संबंधी एकतरफा आदेश जारी करना उचित नहीं है।

*******************

राज्य के कई जिलों में दो सितम्बर तक भारी बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर लोहरदगा और खूंटी समेत पांच जिलों में कहीं–कहीं आज भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जतायी है। इसके अलावा रांची और कोडरमा समेत नौ जिलों में भी भारी बारिश के आसार हैं। कल और दो सितम्बर को भी रांची समेत सात जिलों में भारी बारिश देखने को मिल सकती है।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण खरकई नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

********************

कोलकाता में संपन्न ओपन कराटे चैंपियंस ट्रॉफ़ी में झारखंड के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में उम्दा प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण समेत चार पदकों पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग के काता स्पर्द्धा में प्रणीत मोहक मिंज ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि कुमितो स्पर्द्धा में कांस्य पदक जीता। वहीं बालिका वर्ग के काता स्पर्द्धा में अंजली कुमारी ने स्वर्ण, जबकि कुमिते स्पर्द्धा में रजत पदक जीतकर राज्य का परचम लहराया।

********************